MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, चोंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 0 5 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 29 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... | पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

अब तो तालाब का पानी बदल दो, कमल के फूल मुरझाने लगे है

सिवनी यशोः- भारत का लोकतंत्र किस दिशा में जा रहा है। यदि आप साक्षर है सच्चे देश भक्त है तो समझना चाहिये और सुधार के वह हर संभव प्रयास करना चाहिये जिसको करने की आपके पास क्षमता है देश की बार्डर पर खड़ा सैनिक देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देने से भी नहीं हिचकिते वहीं हम देश भक्त होने का प्रामण केवल भारत माता की जय के नारे लगाकर प्रमाणित करते है परंतु भारत माता की जय करने के लिये कोई उपक्रम नहीं करते और यही भारतीय लोकतंत्र को नष्ट कर रहा है । राजनैतिक दलों ने सत्ता के लिये इस देश को बर्बाद करने का महापाप किया है परंतु इस महापाप को करने के लिय मजबूर करने में हम आम मतदाताओं की भूमिका भी कम नहीं है।

लोकतंत्र की रक्षा के लिये भारतीय नागरिकों को ही पूरी जि मेदारी से कार्य करना होगा वर्तमान समय में केवल हम व्यवस्थाओं को कोसने का काम कर रहे है परंतु इसके प्रति जो हमारी जि मेदारी है उसे कोई बाहर से आकर नहीं ठीक करेगा इसे हमे ही सुधारना है और इसका हमें संकल्प लेना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी ।

भ्रष्टाचार, घोटाले, माफियावाद राजनीति का अपराधीकरण आदि नासूरों से अधिक घातक है सत्ता खोरी जो हर प्रदेश में तेजी से सत्ता हथियाने के लिये चल रहा है, और यह प्रचलन पूरे देश को निक मा बना देगा ।

देश में गरीबी और बेरोजगारी बड़ी समस्या है और मंहगाई आसमान छू रही है ऐसी परिस्थिती में सामान्य परिवार एवं गरीब व्यक्तियों के लिये मु त में मिलने वाली सुविधाएँ बहुत बड़ी राहत प्रतीत होती है और राजनैतिक दल आमजनता की इस कमजोरी को बेहतर समझ रही है । सत्ताधारी दल कर्ज लेकर प्रदेशों में मु त बांटने की योजनाएँ घोषित कर रही है और यह योजनाएँ केवल चुनाव जीतने के लिये घोषित हो रही है सत्ताधारी दल तो प्रदेश को कर्जदार बनाकर घोषणाएँ कर रहे है परंतु विरोधी दल भी सरकार बनने पर जनता को मु त देने का आकर्षण दे रहे है । यह स्थिती देश के लिये किसी प्रकार से उचित नहीं कही जा सकती इस प्रकार की मु त खोरी से देश में निक मी पीढ़ी तैयार होगी और किसी देश की सबसे बड़ी ताकत श्रमशक्ति होती है ।

सत्ता प्राप्त करने के लिये मु त बांटने की घोषणाएँ केवल इस लिये करना पड़ रही हैं चोंकि इन्होने अपने प्रदेशों की जनता को अमीर बनने के लिये कोई सार्थक प्रयास नहीं किये और आज अपने उन पापों को छुपाने के लिये मु त बांटने की घोषणाएँ कर रहे है ।

जनकल्याण और गरीबो के कल्याण के लिये ठोस योजनाएँ बनाने के लिय आवश्यक है कि प्रदेश में सिचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, मजदूरों को सुविधाएँ और उन्के शोषण को रोकने के लिये बेहतर व्यवस्थाएँ हो किसानो को पर्याप्त और आधुनिक सुविधाएँ हो हर व्यक्ति को उसकी योग्यता और क्षमता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने की चिंता हो योग्य व्यक्तियों की क्षमताओं का पूरा दोहन हो बेलगाम बढ़ रही मंहगाई को रोकने के लिये चिंता हो परंतु मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने के लिये सरकारे प्रदेश को कर्जदार बना कर मु त बांटने की होड़ लगा रही है और यह देश की व्यवस्थाओं को चौपट करने के लिये पर्याप्त है ।

इस मु तखोरी से मंहगाई का मीटर तेजी से घूमने वाला है । सत्ता प्राप्ति के लिये सरकारे सरकारी कर्मचारियों और संगठनों की मांगे पूरी करने के लिये मनमाने तरीके अपना रही है यह देश और प्रदेश की व्यवस्थाओं को बुरी तरह से बिगाड़ देंगी गरीब और अमीर के बीच, किसान और अफसरशाही के बीच भारी असामन्ता निर्मित होगी ।

भारत माता को गौरव और अच्छा समाज देने के लिये आवश्यक है कि हम देश के सभी नागरिक रखा सूत्र लेकर बिगड़े हुये राजनैतिक माहौल को सुधारने के प्रति संकल्पित हो ।

हालात बिगड़ रहे है हवाओं के रुख को, हमारे मिजाज को बदलना आवश्यक है । रक्षा बंधन की शुभकमानाओं सहित

आप प्रयास करे तो-चन्द्रयान जैसा ध्वज गाड़ सकते है-सैय्याम

समाजिक विशाल का चार दिवसीय प्रशिक्षण में 94 शिक्षक शामिल

सिवनी यशोः- शिक्षक समाज का तो अंग है जो समाज की दिशा और दशा बदल सकता है समाजिक विज्ञान के साथ साथ हमें अन्य विज्ञान में भी दक्षता हासिल करनी चाहिए हमें गर्व होता है कि आपमें से ही कुछ लोगों ने चंद्रमा में जाकर भारत का परचम लहराया और देश को गौरवित किया। समाज में रहने वाला शिक्षक जब अपने विषय के अतिरिक्त अध्यायन कराता है तो उन छात्रों के मन मे शिक्षक के प्रति आदर का भाव बढ़ जाता है। उक्त उदगार सभाजिक विज्ञान शिक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के समापन अवसर पर एडीपीसी महेद्र सैय्याम ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर एपीसी विपनेश जैन ने कहा कि शिक्षक यहाँ पर जो भी प्रशिक्षण में ग्रहण किया उसे अपनी शालाओ मे जाकर विद्यार्थियों को लेकर बीच रखे। और समाजिक विज्ञान सहित परीक्षा परिणामों को लेकर आप प्रयास करें। इस अवसर पर एम. टी रामनाथ पटेल एवं दिनेश ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में एमटी आई. सी. टी. का प्रयोग करते हुये सामाजिक प्रशिक्षण में आई सी. टी. पर भूपेन्द्र चौधरी राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं भूगोल विकास की कठिन अवधारणाओं अनन्त राहणडाले के रिजल्ट उन्नयन पर एल. सी. झारिया द्वारा व्या यान दिया गया। इस प्रशिक्षण मे सिवनी बरघाट केवलारी वि. ख.के . 96 शिक्षकों ने सहभागिता दी।

ज्ञातव्य हैं कि जिला शिक्षा अधिकारी के. के. पटेल सहायक डी.ओ. एसएस कुमरे आर.आर. मेहता सहायक नोडल अधिकारी अनुराग से सेना के मार्ग दर्शन मे 4 दिवसीय प्रशिक्षक का समापन दिया गया।

रोल आब्जर्वर का भ्रमण आज

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यो की करेंगे समीक्षा

सिवनी यशोः- फोटो युक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मंगलवार 29 अगस्त 23 को जिले के रोल आब्जर्वर प्रातः 10 बजे सिवनी पहुंचेंगे एवं संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

सी एम हेल्पलाईन बनी शोभा की सुपारी- सूर्यनारायण सिंह बघेल

सिवनी यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान सी.एम. हेल्पलाईन को लेकर बडी बडी डिंगे हाकते है लेकिन वास्तविकता और कुछ ही है आम जन को सीएम हेल्पलाईन से कोई राहत नही मिल रही है अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाईन को मजाक बनाकर रख दिया है। शिकायत न बर 18895240 दिनांक 29 अगस्त 2022 की सीएम हेल्पलाईन का कोई निराकरण नही हो पाया है, शिकायत चैथे स्टेज में पंहुच गई। जिला कांग्रेस पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पूर्व नरेला सरपंच श्री सूर्यनारायण सिंह बघेल ने एक वर्ष पूर्व पंच, सरपंचो का मानदेय नही मिलने पर सीएम हेल्पलाईन में शिकायत लगाई थी, किन्तु आज दिनांक तक पंच-सरपंचो को 2015 से 2022 तक मानदेय प्राप्त नही हुआ, अभी कुछ माह पूर्व घोषणा वीर मु यमंत्री ने नवनिर्वाचित उपसरपंच को 1800 रू. एवं सरपंच को 4250 रू. देने की घोषणा की गई है वह भी पूरा नही दे पायें। प्रदेश की जनता को झूठे वादों से गुमराह करने के अलावा शिवराज सिंह के पास कोई चारा नहीं बचा है, कोई ऐसा वर्ग नही होंगा जिससे झूठ बोलकर ठंगा ना गया हो, आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता झूठे वादे करने वाले शिवराज सिंह को सबक सिखाऐंगी।

जबरन नॉलेज

भूदेव ब्राह्मणों के विशेष पर्व श्री श्रावणी उपाकर्म 30 अगस्त को

रक्षाबंधन में सभी विप्र जनों से उपस्थित का आग्रह है

सिवनी यशोः- आगामी 30 अगस्त बुधवार को, समस्त पूज्य *ब्राह्मणों का महत्वपूर्ण विशेष पर्व श्रावणी उपाकर्म पर्व आयोजन प्रातः 10.30 से पुण्य सलिला मां बैनगंगा घांट लखनवाड़ा सिवनी में (लगभग 2 घंटे) विद्वान आचार्य पंडित सनत कुमार उपाध्याय के प्रधान आचार्यत्व तथा पुजारी संघ अध्यक्षआचार्य पं. सोनू महाराज के कुशल संयोजन में निर्धारित है!

ज्ञातव्यरह है कि हमारा भारत देश धर्मप्रधान देश है ।जहां वर्ष पर्यन्त विभिन्न धार्मिक पर्व त्योहार मनाये जाते हैं! इन्हीं में ब्राह्मणों के ब्रह्मवर्चस्व संवर्धक के रूप में प्रत्येक वर्ष की श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के दिन श्रावणी उपाकर्म के रूप में ब्रह्मनिष्ठ सनातन धर्मानुयायी ब्राह्मण मनाते हैं। 10



विधि स्नान के पश्चात वैदिक मंत्रों के साथ हवन में आहुतियां दी जाती है! पितरों के आशीर्वाद से वर्ष भर जाने अनजाने किए गए पापों का प्रायश्चित होता है! तथा जीवन के हर संकट समाप्त हो जाते हैं! यह विद्या आरंभ का दिन भी माना गया है *भारत सरकार ने इसे संस्कृत दिवस घोषित किया है ।

वर्तमान आधुनिक युग में देखा जा रहा है कि श्रावणी उपाकर्म की पर परा लुप्तप्राय होते जा रही है! प्रातः स्मरणीय अनंत श्री विभूषित ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से हमारी इस पर परा को पुनर्जीवित एवं रक्षित करने के लिए हमारे क्षेत्र के अनेक धर्मनिष्ठ विद्वान् विप्रों द्वारा गत कई वर्षों से स्थानीय पवित्र नदी सरोवर के घाटों पर सामूहिक श्रावणी उपाकर्म पर्व का आयोजन प्रार भ किया गया है।

इसी पुनीत परंपरा के पालन में पावन पवित्र बैनगंगा लखनवाडा सिवनी के तट पर श्रावणी उपाकर्म क्षेत्रीय पू.विद्वानों की वरद उपस्थिति में आयोजित है ।जिसके अन्तर्गत तीर्थस्नान, पंचगव्यप्राशन, हेमाद्रिसंकल्प, दशविधस्नान, सूर्योपस्थान, ऋषिपूजन, नूतन यज्ञोपवीत पूजन एवं धारण, देवर्षि पितृ तर्पण प्राणायामआदि ,विधि शास्त्रोक्त विधि विधान से विद्वानों के द्वारा स पन्न कराई जाएगी।

जिले में आप सभी, ब्राह्मण संगठन इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यों से से आग्रह है कि अपने-अपने विकास खण्ड में भी इष्ट बन्धु बान्धवों एवं परिजनों के साथ इस पुण्य कार्य का आआयोजन करें, तथा सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित करें।

विनम्र आग्रह है कि इस विशिष्ट धार्मिक अनुष्ठान में कृपया अपने साथ ,पूरे वर्ष में जनेऊ बदलने की अनुमानित सं या में जनेऊ का बंडल यथासंभव पूजन सामग्री ब्रह्मणोचित वस्त्र आदि स्वयं के लिए लेकर उपस्थित हो ।

पार्षद ने किया निर्माणधीन रोड का निरीक्षण

छपरा यशोः- नगर परिषद छपरा में कायाकल्प योजना से बन रही क्रांकिट रोड का वार्ड क्रमांक 13 भगत सिंह वार्ड की पार्षद सोनल चंदू श्रीवात्री ने निर्माणधीन रोड का निरीक्षण किया साथ ही उसकी गुणवत्ता को भी देखा ।और ठेकेदार को अच्छा कार्य करने की हिदायत दी गई ।

विनीत अग्रवाल (मंटू भैया) ''जिला सचिव'' मनोनीत

सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु/उ.मा. विद्यालय भैरोगंज सिवनी को संचालित करने वाली विवेकानंद बाल कल्याण समिति के कार्यकारिणी सदस्य रजवाडा लॉन के संचालक सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में रूचि रखने वाले तथा सरस्वती उ.मा. विद्यालय सिवनी के पूर्व छात्र श्री विनीत अग्रवाल (मंटू भैया) को सरस्वती शिक्षा परिषद महाकोशल प्रांत द्वारा सिवनी जिले का जिला सचिव मनोनीत किया गया। श्री मंटू अग्रवाल के मनोनयन पर विद्याभारती क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरूण पटेवार, विवेकानंद बाल कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यगणों एवं पाचार्य एवं आचार्य परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए, उन्हे नवीन उत्तरदायित्व की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। विद्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में विभाग समन्वयक श्री चुन्नीलाल जी बोपचे, व्यवस्थापक नितिन चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं निवर्तमान जिला सचिव राजेन्द्र सनोडिया ने उनका स्वागत करते हुए, नवीन उत्तरदायित्व का पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला सचिव राजेन्द्र सनोडिया का भी उपस्थितजनों द्वारा अंगोछे एवं तिलक वंदन से स्वागत किया गया।

त्यौहार में लचर यातायात व्यवस्था से आम जनता परेशान

बरघाट यशोः- नगर वासियों के लिए त्योहारों में लंबे समय से सड़क जाम एक प्रमुख ज्वलंत समस्या बनी हुई है। त्योहारों के प्रारंभ होने के साथ रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को स्कूल-कालेज व द तरों खुलने के साथ ही सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ा । लचर यातायात व्यवस्था, सिकुड़ती सड़कें एवं वाहनों के बढ़ते बोझ के आगे सोमवार को ट्रैफिक व्यवस्था लडखड़ाती दिखी। त्योहारों में राखी की दुकान सड़कों में आगे तक लगाने से अतिक्रमण बढ़ गया है, जिसके चलते नगर के भीतर मु य सड़क में दिन भर जाम लगते रहा, प्रशासनिक तंत्र भी बढ़ते अतिक्रमण को लेकर ठोस निर्णय नहीं ले पा रहा है। जिसके चलते जनमानस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

सड़कों का नहीं हो पाया चौड़ीकरण

नगर परिषद द्वारा त्यौहार के पहले सड़कों की दोनों ओर चूने की लाइन तो डाल दी गई लेकिन व्यापारियों द्वारा उसके आगे भी अपनी दुकान लगा कर समान फैला दिया गया, जिसके चलते यातायात दिनभर बाधित रहा,

पुलिस की भूमिका रही लचर

सड़क जाम से शहर वासियों को निजात दिलाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी प्रमुख मार्गों में लगाई जाती थी किंतु त्योहारों के प्रारंभ होने के बाद भी बस स्टैंड जैसे क्षेत्र में भी कोई पुलिस कर्मी तैनात नहीं रहा, जिसके चलते बस स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में हाथ ठेलो के साथ अनियंत्रित बसो और कमांडर चालकों के कारण महामाया चौक से लेकर स्टेट बैंक तक जाम की स्थिति निर्मित रही।

बस स्टैंड में भी नहीं है कोई पुलिसकर्मी तैनात

- बरघाट बस स्टैंड में यातायात व्यवस्था हेतु हमेशा पुलिस कर्मी को तैनात किया जाता रहा? है, किंतु कुछ दिनों से यातायात व्यवस्था कोई भी पुलिस कर्मी देख नहीं रहा जिसके चलते बस स्टैंड परिसर में दिनभर जाम की स्थिति रही।

कांग्रेस की सरकार आने पर बूथ कमेटी की सहमति से होंगे हर कार्य - कांग्रेस

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा सिवनी विधान सभा के प्रत्येक बूथ स्तर पर मंडलम, से टर, बी.एल.ए. तक पंहुचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खुराना ने कार्यकताओं को बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्रों में जाकर 18 वर्ष से उपर छात्र-छात्राएँ शादी होकर बाहर गांव से आई बहुओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े, प्रत्येक घर जाकर सूची तैयार करें। कमलनाथ ने मंडलम, से टर एवं बी.एल.ए. के लिए पहचान पत्र बनवाया है सरकार बनने पर ग्राम में हर काम आपकी सहमति से होंगे। आज चमारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के देवगांव मंडलम कांग्रेस कमेटी के अन्तर्गत कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस संगठन सचिव सुनील बघेल,

सेवकराम चन्द्रवंशी, वरिष्ठ नेता बाबू पटेल लुड़गी, साक्षम दादा, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष बजेशसिंह (लड्डू) बघेल, कृषि एवं कृषक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, छपारा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जयकेश सिंह पटेल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाब साहू, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पंजवानी, चमारी ब्लाक कांग्रेस कार्य. अध्यक्ष सुनील दीनू उइके, मंडलम अध्यक्ष प्रमोद अवस्थी, सन्तू भलावी, से टर अध्यक्ष सतीश चैकसे, गीतलाल परते, अमजद खान, बखतलाल उइके, संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, अमजद खान, बखारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विपतलाल उइके, मड़वा तितिन अवस्थी, मदनी मंसूरी, अंसार भाई तिलबोडी, आशीष जैन, तबरेज अली, बी.एल.ए., बूथ अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता की उपस्थिति में बडी सं या में ग्रामीण नागरिको ने भाजपा सरकार की वादाखिलाफी और सिवनी विधायक की कार्यप्रणाली से नाराज होकर प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ जी के नेतृत्व पर विश्वास कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व जनपद सदस्य ज्यारसिंह परते, ग्राम सुकरा टोला से रेवेन्द्र कुमार झारिया, विजय कुमार झारिया, अमरलाल मर्सकोले पंच, रामजी धुर्वे, विजय काकोडिया ग्राम नयेगांव से रामदयाल परते, मंगलसिंह भलावी, हरिप्रसाद परते, सुकलू भलावी ग्राम सुखामाल, ज्ञानसिंह सरयाम मुरझोर, शिवकुमार बरकडे, लखन सिंह इनवाती, वसंत मरकाम ग्राम मुंडाटोला, बैशाखू झारिया, कौशल किशोर धुर्वे, राजेश परते, शकील खान ग्राम मुंडरई, संतराम इनवाती, जबारसी परते, इसी तरह पहाड़ी टोला से रामभरोस कुमरे, दिनेश कुमरे, रामस्वरूप कुमरे, छब्बीलाल कुमरे, रामगुलाम कुमरे, सतेन्द्र गज्जाम, गोविंद कुमरे को जिला कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कांग्रेस पार्टी का गमछा डालकर कांग्रेस सदस्यों को बधाई देते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कार्य कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन जन तक पंहुचाकर, आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतो से जीताने के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

कार में किया जा रहा था मवेशियों का परिवहन

सिवनी यशोः- पशुधन के लिये पशुधन को लेजाने वाले अनेक तरह की चालाकियाँ कर रहे है परंतु पुलिस की नाकेबंदी और सक्रियता से अवैध पशु परिवहन करने वालों पर धरपकड़ की जा रही है बीते दिवस सिवनी कोतवाली पुलिस ने कार में अवैध परिवहन करने वाली कार को जस किया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने रात्रि में कांबिंग गश्त के दौरान मवेशी का परिवहन कर रही कार को जब्त किया है और एक मवेशी को सुरक्षित कब्जे में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के आदेशानुसार एसडीओपी पुरुषोत्तम मरावी व थाना प्रभारी कोतवाली के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली स्टाफ की ओर से कांबिंग गश्त की गई।

इसी दौरान एक गौवंश परिवहन करते हुए मारुती कार क्र. ख्ख 18/ब/0605 जिसमें एक नग मवेशी को निर्दयता पूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा था। जिसे पुलिस ने सतर्कता से बचा कर वाहन को जब्त किया है और मवेशी को गौशाला में सुरक्षित रखा गया। पुलिस को देख आरोपी घटना स्थल से वाहन छोड़कर फरार हो गए हैं। जिसकी तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, गांजे की तस्करी करते दो तस्कर गिर तार

जबलपुर। जबलपुर की तिलवारा थाना पुलिस ने लकड़ियों की आड़ में गांजे की तस्करी करते हुए एक ट्रक को जप्त कर उसमें रखा करीब 1200 किलो गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

यह है मामला- पुलिस के मुताबिक ट्रक छत्तीसगढ़ जगदलपुर से हरियाणा तरफ जा रहा है। बीतें कुछ दिनों से तिलवारा थाना पुलिस को सूचना मिल रही थी कि ट्रकों से अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। आज तिलवारा थाना पुलिस वाहनों की चेकिंग में लगी हुई थी। उसी दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया तो उसका ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भागने लगा जिसे की पुलिस नेपकड़ कर हिरासत में लिया।

दो तस्कर गिर तार- पुलिस ने ट्रक के कंडे टर को भी पकड़ है। दोनें से जब पुलिस ने पूछताछ की तो पहले तो उन्होंने कुछ नहीं बताया लेकिन जब स ती से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लकड़ियों के बीच में गांजे को छुपाकर हरियाणा तरफ ले जाया जा रहा था। ट्रक क्रमांक सीजी 08 रु 3830 के ड्राइवर और हेल्पर को गिर तार किया गया है। ड्राइवर का नाम म्होश कुमार है और हेल्पर का नाम मोह मद शकील है जो कि हमीरपुर के रहने वाले है।

30 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा, दिनभर रहेगा भद्रा का साया, जानिए राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर मनाने की परंपरा होती है। लेकिन इस बार सावन पूर्णिमा तिथि 30 और 31 अगस्त दोनों ही दिन पड़ रही है। साथ ही श्रावण पूर्णिमा तिथि के साथ भद्राकाल भी शुरू हो जाएगी।

भोपाल। इस वर्ष रक्षाबंधन की तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष श्रावण पूर्णिमा तिथि 30 और 31 अगस्त दो दिनों तक रहेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार हर वर्ष श्रावण माह के शु ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है और इस बात का विशेष ध्यान दिया जाता है कि श्रावण पूर्णिमा तिथि पर भद्रा काल न हो। लेकिन इस वर्ष श्रावण पूर्णिमा तिथि के साथ ही भद्रा काल शुरू हो जाएगी। 30 अगस्त को सुबह लगने वाली भद्रा रात के करीब 09 बजकर 01 मिनट तक रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन पर भद्रा योग होने पर भाईयों की कलाई पर राखी नहीं बांधी जा सकती है। शास्त्रों में भद्राकाल को अशुभ समय माना जाता है। इस तरह से भद्रा के खत्म होने पर ही राखी बांधना शुभ रहेगा। आइए जानते हैं श्रावणी पूर्णिमा की तिथि, भद्राकाल का समय और राखी बांधने का शुभ शुभ मुहूर्त।

सावन पूर्णिमा तिथि 2023

हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष श्रावण माह के शु ल पक्ष की पावन पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजकर 58 मिनट से शुरू हो जाएगी और पूर्णिमा तिथि का समापन अगले दिन यानि 31 अगस्त 2023 को सुबह 07 बजकर 07 मिनट पर हो जाएगा।

रक्षाबंधन पर भद्रा का साया

इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहने के कारण इस बात का मतभेद बना हुआ है कि रक्षाबंधन कब मनाया जाय। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर मनाने की परंपरा होती है। लेकिन इस बार सावन पूर्णिमा तिथि 30 और 31 अगस्त दोनों ही दिन पड़ रही है। साथ ही श्रावण पूर्णिमा तिथि के साथ भद्राकाल भी शुरू हो जाएगी। रक्षाबंधन पर भद्राकाल होने पर भाईयों की कलाई पर राखी बांधना शुभ नहीं होता है। 30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि के प्रारंभ के साथ भद्रा की भी शुरुआत हो जाएगी जोकि 30 अगस्त को रात्रि 9 बजकर 1 मिनट तक रहेगी। भद्रा के रहते 30 अगस्त 2023 को पूरे दिन राखी नहीं बांधी जा सकती है। 30 अगस्त 2023 को भद्रा काल रात्रि 09 बजकर 01 मिनट तक रहेगी, ऐसे में 30 अगस्त को रात के समय जब भद्रा की समाप्ति हो तो उसके बाद राखी बांधी जा सकती है।

रक्षाबंधन पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

सावन पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया होने के कारण इस वर्ष रक्षाबंधन का त्योहार 30 और 31 अगस्त दो दिन मनाया जा रहा है। 30 अगस्त को सावन महीने के शु ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत सुबह 10 बजकर 58 मिनट से होगी। लेकिन पूर्णिमा तिथि के शुरू होने के साथ ही भद्रा लग जाएगी। भद्रा 30 अगस्त को रात्रि 09 बजकर 01 मिनट तक रहेगी। लेकिन रात्रि में राखी नहीं बांधने की सलाह कुछ विद्वान नहीं देते हैं। ऐसे में 31 अगस्त को उदया पूर्णिमा में ही रक्षाबंधन मनाना उचित रहेगा। ` योंकि उदयातिथि की मान्यता सूर्यास्त तक रहती है इसलिए पूरे दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा सकता है।

रक्षाबंधन भद्रा पूंछ - शाम 05:32 - शाम 06:32
रक्षाबंधन भद्रा मुख - शाम 06:32 - रात 08:11
रक्षाबंधन भद्रा का अंत समय - रात 09:01

कौन है भद्रा

मुहूर्त शास्त्र के अनुसार भद्राकाल को अशुभ माना गया है। इस दौरान किसी भी तरह का शुभ कार्य करने की मनाही होती है। वहीं पौराणिक कथाओं के मुताबिक भद्रा भगवान सूर्य और माता छाया की पुत्री हैं। भद्रा और शनि भाई-बहन हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब भी पूर्णिमा तिथि पड़ती है उसका शुरूआती आधा हिस्सा भद्रा काल रहता है।

इंदौर के चिड़ियाघर में बाघिन जमुना ने तीन शावकों को जन्म दिया

इंदौर। इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में बंगाली बाघिन 'जमुना' ने तीन शावकों को जन्म दिया है। एक बार फिर चिड़ियाघर में किलकारियां गूंजने की वजह से इंदौर जू प्रबंधन काफी खुश है। नन्हें मेहमानों को देखने के लिए इंदौर के लोगों में काफी उत्साह है। बाघिन जमुना तीनों बच्चों का खास याल रख रखी है। जू के विजिबल क्षेत्रों में उसे बच्चों के साथ देखा जा सकता है। इससे पहले भी बाघिन 'जमुना' पांच बार बच्चों को जन्म दे चुकी है। गौरतलब है कि इंदौर में प्रदेश का सबसे बड़ा व सबसे पुराना कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय है जो 1974 में शुरू हुआ था। अब प्राणी संग्रहालय में विडाल परिवार के कुल 21 सदस्य हो गए हैं। इंदौर प्राणी संग्रहालय में बंगाली टाइगर की सं या बढ़कर 11 पहुंच गई है। बात की जाए लायन फैमिली की तो उसके 10 सदस्य इंदौर प्राणी संग्रहालय में है।

एनिमल ए सचेंज में इंदौर आएगा जेब्रा

इंदौर जू में एनिमल ऐ सचेंज प्रोग्राम के तहत भी कई नए जानवर आ चुके हैं। अब अफ्रीकन जेब्रा का एक जोड़ा भी आने वाला है। जिसके आने के बाद इंदौर का कमला नेहरू प्राणी संग्रालहय प्रदेश का पहला ऐसा चिड़ियाघर होगा जिसमें पर्यटक जेब्रा को निहार सकेंगे। प्रदेश के किसी भी चिड़ियाघर में अभी तक अफ्रीकन जेब्रा का जोड़ा नहीं हैं। अफ्रीकन जेब्रा का यह जोड़ा मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले चिड़ियाघर से इंदौर लाया जाना है। इसके लिए इंदौर जू में लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अब बस मुंबई जू से ग्रीन सिग्नल मिलने का इंतजार है।

देश के प्रमुख चिड़ियाघरों में आता है इंदौर के चिड़ियाघर का नाम

इंदौर का जू देश के 192 मान्यता प्राप्त चिड़ियाघरों में से शामिल है। सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के हिसाब से जू की चार कैटेगरी मिनी, स्मॉल, मीडियम और लार्ज होती हैं। इंदौर का कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय स्मॉल कैटेगरी में आता है। संग्रहालय पहले 17 एकड़ में फैला था, लेकिन 1999 में आसपास के कैदी बाग की 34 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिए जाने के बाद इसका क्षेत्रफल बढ़कर 51 एकड़ हो गया है।

भोपाल में करणी सेना ने फिर भरी हुंकार, चुनाव में 80 से 100 सीटों पर मांगी भागीदारी



भोपाल। राजधानी भोपाल में रविवार को क्षत्रिय करणी सेना ने 21 सूत्री मांगों को लेकर हुंकार भरी। भोपाल के विट्ठन मार्केट में करणी सेना ने महापड़ाव का आयोजन किया। इसमें सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत भी शामिल हुए। क्षत्रीय करणी सेना के पदाधिकारी विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर भागीदारी, क्षत्रिय कल्याण बोर्ड, सनातन बोर्ड का गठन और लव जिहाद रोकने को लेकर कड़ कानून बनाने की मांग को लेकर भोपाल में एकत्रित हुए। इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने कहा कि हम विधानसभा चुनाव में क्षत्रियों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की मांग कर रहे हैं।

शेखावत ने कहा कि हमने प्रदेश की 230 में से आधी सीटों पर सर्वे कराया है, जहां क्षत्रियों की सं या अधिक है। हम 80 से 100 सीटों पर क्षत्रियों को राजनीतिक पार्टियां प्रतिनिधित्व दें। शेखावत ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर सरकार को जल्द विचार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजनीति पार्टियां क्षत्रियों की लगातार उपेक्षा करती आई है। यह अब नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां ने इस बार क्षत्रियों की उपेक्षा कि तो उनको जवाब दिया जाएगा।

यह है मांगे

सत्ता में ज्यादा से ज्यादा क्षत्रियों की की भागीदारी, क्षत्रिय कल्याण बोर्ड, सर्वण आयोग और सनातक बोर्ड का गठन। लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्म परिवर्तन जिहाद रोकने के लिए कड़े कानून बनाना। क्षत्रिय छात्रों के लिए हर जिले में हॉस्टल का निर्माण, महापुरुषों और वीरांगनाओं का इतिहास संरक्षित करना। जनसं या नियंत्रण कानून लागू करना। गौ हत्या रोकने के लिए कड़े कानून बनाना। हिंदुस्तान को हिंदू सनातन राष्ट्र घोषित करवाना। सभी भूतपूर्व सैनिकों, अर्धसैनिक बलों और शहीदों के परिवारों को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरियों में प्रधानता देना। एट्रोसिटी ऐ ट का दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े कानून बनाना। मठ मंदिरों पर से सरकार का अंकुश खत्म करना। समान नागरिक संहिता को पूरे देश में तुरंत प्रभाव से लागू करवाने के लिए प्रयास करना। कोविड 19 के सभी कर्मचारियों को दोबारा बहाल करना। राजा रजवाड़ों की लावारिस संपत्तियों को हैरिटेज का दर्जा देना। मध्य प्रदेश पुलिस का विशेष बल एसएएफ स मलित करना। गौ माता की रक्षा के लिए कड़े कानून बनाना। बुंदेलखंड को अगज राज्य घोषित करना।

युवा कांग्रेस ने राजवाड़ा से निकाली रैली, लगा जाम, वाहन चालक होते रहे परेशान

इंदौर। युवा कांग्रेस ने सोमवार को राजवाड़ा से राज मोहल्ला तक वाहन रैली निकाली। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी की अगुआई निकली इस रैली में बड़ी सं या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली की वजह से पूरे राजवाड़ा पर चारों तरफ जाम लग गया। युवा कांग्रेस के लगभग एक हजार कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। रैली राजवाड़ा से कले ट्रेट होतेहुए राज मोहल्ला तक गई। इससे पहले श्रीनिवास बीवी कावड़ यात्रा में भी शामिल हुए।

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष रमीज ने बताया कि यह युवा परिवर्तन रैली है। श्रीनिवास राजवाड़ा चौक पहुंचकर मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रैली में शामिल हुए। रैली में इंदौर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढ़, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रमीज़ ख़ान, एनएसयूआई अध्यक्ष रजत पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे।

किस विषय पर निकाली रैली

युवा कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में बढ़ती बढ़ती नशाखोरी, बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, सा प्रदायिकता, परीक्षाओं में घोटाले, बाल तस्करी, प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार और इंदौर नगर निगम में भ्रष्टचार के खिलाफ यह रैली निकाली।

रैली के रास्ते में सफाई के जुटे निगमकर्मी

रैली के दौरान इंदौर नगर निगम की टीम साफ सफाई के लिए लगातार जुटी रही। जहां से भी रैली निकली निगम के कर्मचारी वहां पर सफाई करते गए।

19 हजार पटवारियों ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी, ग्रेड पे और प्रमोशन समेत ये है प्रमुख मांगें

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के हजारों पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर शिवराज सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज सोमवार 28 अगस्त से मध्य प्रदेश में 19000 पटवारी तिरंगा यात्रा के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है। इसके चलते नामांतरण और जाति प्रमाण पत्र जैसे कई काम अटकेंगे। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती जब तक वे हड़ताल पर रहेंगे। पटवारियों ने शिवराज सरकार को 11 बजे तक मांगो पर विचार करने का अल्टीमेटम दिया है।

आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी

इससे पहले 3 दिवसीय सामूहिक अवकाश और तिरंगा यात्रा के माध्यम से पटवारी अपनी मांगों को सरकार के सामने रख चुके हैं, बावजूद इसके मांगों पर विचार नहीं किया गया है, इसी के चलते पटवारी आज 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है।पटवारियों का कहना है कि पिछले 25 सालों में वेतनमान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्ष 1998 में निर्धारित किए गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान वर्ष 2023 में वेतन दिया जा रहा है। विगत 25 वर्ष में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की गई है, लेकिन राजस्व विभाग एवं उसकी पद स्थापना वाले भू-अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई। पटवारी वेतनमान पे ग्रेड 2800 के लिए वर्ष 2007 पटवारी महाअधिवेशन सनावद में घोषणा की गई थी, राजस्व मंत्री ने भी इसे बढ़ाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हो पाया है।

कांग्रेस का पटवारियों को समर्थन, सरकार बनने के बाद ग्रेड पे बढ़ाने का ऐलान

पटवारियों की हड़ताल के बीच प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कांग्रेस की सरकार बनने पर पटवारियों यों का ग्रेड पे 2800 से 3200 करने का ऐलान किया है। बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए वर्मा ने कहा कि 18 सालों से शिवराज चौहान जो प्रदेश के मुखिया है, मु यमंत्री है, हमारे पटवारी, कोटवार तथा चौकीदार भाइयों जो लाखों की सं या में है, उन्हें झूठा आश्वासन देते रहे कि इनका मूल वेतन 2800 कर देंगे, लेकिन आज तक तन वाह नहीं बढ़ाई। पटवारी भाइयों, कोटवार भाइयों, चौकीदार भाइयों आप चिंता मत करना पूरी कांग्रेस आपके साथ है, हमारी सरकार आपके आशीर्वाद से आ रही है आपको हम 2800 से लेकर 3200 तक मूल वेतन करने का में कांग्रेस की तरफ से वादा करता हूं आपके मूल वेतन के साथ और भी कई सुविधाएँ आपको हम देंगे।

राखी पर 10 हजार करोड़ के बिजनेस का अनुमान

भोपाल। रक्षाबंधन से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन से बाजार में छाई सुस्ती दूर होने के आसार हैं। व्यापारियों को अनुमान है कि अकेले रखा बंधन पर ही 10 हजार करोड़ रुपये तक का व्यापार हो सकता है। यह त्योहारी सीजन इस साल के अंत में नवबर्ष के जश्न तक जारी रहेगा और इस दौरान विभिन्न से टरों में तेजी आ सकती है। इससे न के वल व्यापारियों को लाभ होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

पिछले वर्ष की बाजारी सुस्ती के बाद भी रक्षाबंधन पर व्यापार लगभग 7 हज़ार करोड़ रुपये का रहा था। वर्ष 2021 में यह व्यापार 6 हज़ार करोड़ रुपये का रहा था जबकि वर्ष 2020 में 5 हज़ार करोड़, वर्ष 2019 में 3500 करोड़ और वर्ष 2018 में लगभग 3 हज़ार करोड़ का रहा था। यदि कैट की मानें तो इस व्यापार में हर साल लगभग एक हजार करोड़ की वृद्धि हो रही है।

व्यापारियों के संगठन कैट का अनुमान है कि इस साल रक्षाबंधन पर वस्त्र उद्योग के साथ-साथ ऑटोमोबाइल, लैपटॉप, मोबाइल और एफएमसीजी से टर की वस्तुओं की खपत बढ़ेगी और इन से टर्स के कामकाज में तेजी आएगी।

31 को मनाएं रक्षाबंधन

30 अगस्त को सारे दिन भद्रा काल है, जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है, इसलिए देश भर के व्यापारी 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाएंगे। 31 अगस्त को यह त्यौहार मनाना पूर्ण रूप से शास्त्र स मत है। व्यापारियों ने 31 अगस्त को ही सरकारी अवकाश घोषित किया जाने की मांग की है।

सावन के आखिरी सोमवार पर भगवान महाकाल के दरबार में भक्तों का तांता, भस्म आरती में शामिल हुए श्रद्धालु

सावन के आखिरी सोमवार भगवान महाकाल के दरबार में भव्य भस्म आरती हुई, जिसमें बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. अब शिव भक्तों को सावन के सोमवार का एक साल तक इंतजार करना पड़ेगा.

उज्जैन। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में सावन माह के आखिरी सोमवार भगवान महाकाल की भस्म आरती की गई. इस भस्म आरती के दर्शन करने के लिए देशभर के श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे थे. आज दिनभर भगवान महाकाल की विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक का क्रम चलेगा. शाम को भगवान महाकाल की सवारी भी निकाली जाएगी.

दरअसल, वैसे तो उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में रोज भस्म आरती होती है, लेकिन सावन माह में भस्म आरती का विशेष उत्साह देखने को मिलता है. यदि सावन का सोमवार आ जाए तो शिव भक्तों का उत्साह चरम पर रहता है. आज सावन माह के आखिरी सोमवार भगवान महाकाल की रात ढाई बजे पट खोले गए. इसके बाद भगवान महाकाल का जल अभिषेक किया गया.

बड़ी सं या में पहुंचे श्रद्धालु

महाकालेश्वर मंदिर के पंडित यश गुरु ने बताया कि भगवान महाकाल को दूध, दही, शहद आदि से पंचामृत पूजन अभिषेक किया गया, जिसके बाद भांग, सूखे मेवे से भगवान का श्रृंगार हुआ. जब भगवान साकार रूप में आए तो उनकी भव्य भस्म आरती की गई. यह भस्म आरती महानिर्वाणी अखाड़े के साधु संतों द्वारा की जाती है. भस्म आरती देखने के लिए बड़ी सं या में श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे.

अब सावन के सोमवार के लिए करना होगा इंतजार

अब सावन माह के सोमवार के लिए शिव भक्तों को 1 साल तक इंतजार करना पड़ेगा. भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने के लिए पहुंचे. पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने भी महाकाल का आशीर्वाद लिया. श्रद्धालु प्रियंका सिंह ने बताया कि भगवान महाकाल की भस्म आरती अद्भुत और भव्य होती है. यहां पर दर्शन करने मात्र से अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है. भगवान महाकाल की भस्म आरती विश्वभर के शिव भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहती है.

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की मौत, आपसी संघर्ष बताया जा रहा कारण; सवा महीने में तीसरी घटना

उमरिया। मध्य प्रदेश के जंगलों में बाघों का कुनबा बढ़ने के साथ ही आपसी संघर्ष के मामले भी बढ़ गए हैं। रविवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर रेंज में एक और बाघ का शव पाया गया। वनाधिकारियों ने मौत का कारण आपसी संघर्ष बताया है।

तीसरे बाघ की मौत आपसी संघर्ष में हुई

करीब सवा महीने के भीतर यहां तीसरे बाघ की मौत आपसी संघर्ष में हुई है। इस वर्ष इस पार्क में आठ बाघों की मौत हो चुकी है। बाघ युवा नर था। उसका शव मानपुर बफर के बीट पटेहरा ए में गश्ती दल ने देखा। उसके पेट पर लंबा चीरा था, जो शायद आपसी संघर्ष के दौरान मजबूत नाखून से लगा होगा।

हालांकि दबी जुबान यह भी कहा जा रहा है कि आपसी संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं।

यह घटना मानपुर बफर रेंट के बीट पटेहरा ए के पीएफ क्रमांक 641 में हुई है। इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाया गया शव नर बाघ का है। यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि इस साल अभी तक उमरिया जिले में नौ बाघों की मौत हो चुकी है, जिसमें से आठ बाघ बांधवगढ़ में मरे और आठ में से तीन की पिछले एक महीने दस दिनों के अंदर मानपुर रेंज में मौत हुई।

शाम को जिंदा था बाघ

बाघ की मौत के बाद यह जानकारी सामने आ रही है कि मानपुर बफर रेंज के पटेहरा बीट के प्लाटेशन में यह बाघ शनिवार की शाम को दिखाई दे रहा था। इस बाघ को देखने के लिए गांव के लोगों की भीड़ भी लगी हुई थी। सुबह यह बाघ इसी बीट में मृत अवस्था में पाया गया है। इस मामले में यह भी कहा जा रहा है कि बाघ के बार-बार हमले से गुस्साए ग्रामीणों ने इसे लाठियों से पीटकर मार डाला है। हालांकि इस तरह की किसी घटना की वन विभाग ने पुष्टि नहीं की है।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैंच 10 सित बर को

सिवनी यशो:-जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के अधीन गठित एक संवैधानिक निकाय है। आयोग का मु य अधिदेश सभी बच्चों को संविधान के विभिन्न अधिनियमों/कानूनों के प्रावधानों के अंतर्गत निहित अधिकारों का लाभ लेने हेतु सक्षम बनाना है। आयोग द्वारा 10 सित बर 2023 को प्रातः 9:00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष जिला सिवनी में बाल अधिकारों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग की बेंच/के प का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों के संबंध में नि न प्रकार की शिकायते प्राप्त कर उनकी शिकायत का निराकरण किया जायेगा। जो नि नानुसार हैं- बाल श्रम संबंधी शिकायते, दिव्यांग बच्चों से संबंधी शिकायते, बाल भिक्षावृत्ति, बाल शोषण, बाल व्यापार, बाल मृत्यु, गुमशुदा बच्चे, बाल अपहरण, बाल हत्या, बाल आत्महत्या, बाल अधिकारों का हनन संबंधी शिकायतें, बालक देखरेख संस्थाएँ, छात्रावास संबंधी शिकायतें, बाल शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित शिकायतें, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, आई.टी. ऐ ट 2000, साइबर से टी से संबंधित शिकायतें, बाल स्वास्थ्य देखरेख, बाल कल्याण एवं बाल विकास से संबंधित शिकायतें, बाल मनोविज्ञान से संबंधित शिकायतें, बच्चों के संबंध में असुरक्षित परिवार एवं अतिसंवेदनशील बच्चों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूध्द सतत जारी है कार्यवाही

सिवनी यशो:- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 21 से 27 अगस्त 23 तक वृत्त उत्तर में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 306560/- रू. अनुमानित मूल्य की 44.0 ब.ली.महिरा एवं 2960 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 220503/- रू. मूल्य की 41.58 ब.ली. महिरा एवं 2100 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 36890/- रूपये की 29.6 ब.ली. महिरा एवं 295 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त लखनादौन में 8 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 1978/- रूपये की 32.0 ब.ली. महिरा एवं 350 किग्रा महुआ लाहन तथा वृत्त घंसौर में 4 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4080/- रूपये अनुमानित मूल्य की 17 ब.ली. महिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

30 अगस्त को होगा 'बाघ रक्षा दिवस' का आयोजन

सिवनी यशो:- उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बुधवार 30 अगस्त 2023 को समस्त बफर परिक्षेत्रों एवं नागरीय क्षेत्रों में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से **'बाघ रक्षा दिवस'** कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम पेंच टाईगर रिजर्व अंतर्गत सभी 6 बफर परिक्षेत्रों की समस्त इको विकास समितियों सहित सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले में नगरीय क्षेत्र सिवनी, खवासा, कुरई, अरी, छिंदवाड़ा, बिछुआ एवं चांद में प्रात: 8 बजे से 11 बजे के मध्य आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में पेंच टाइगर रिजर्व के अधिकारी, कर्मचारी, समिति सदस्य एवं नागरिकगण अन्य व्यक्तियों को बाघ रक्षासूत्र बांधकर बाघ सहित अन्य वन्यप्राणियों की सुरक्षा करने का वचन लेंगे। पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन इस कार्यक्रम में वन्यप्राणी प्रेमी एवं आमजनों से सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

लोन दिलाने वाले एजेंट की धोखाधड़ी, निकाल लिए खाता से दो लाख रुपए

फर्जीवाड़े की शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्यवाही

सिवनी यशो:- नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जूनापानी बंजर के एक ग्रामीण ने अपने नवनिर्मित अधूरे पड़े मकान के लिए सिवनी की एक प्राइवेट फायनेंस कंपनी से घर एवं जमीन कागजात रखकर साढ़े तीन लाख रुपए का लोन लिया था, लोन राशी ग्रामीण के बैंक खाते में जमा भी हुई थी किंतु लोन दिलाने वाले एजेंट ने चतुराई से ग्रामीण को झांसा देकर दो लाख रुपए ले लिया। ग्रामीण के द्वारा लोन की ब्याज सहित पूरी किश्तों को जमा करने के लिए फाइनेंस कंपनी के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है, वही धोखाधड़ी का शिकार हुए ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी किंतु इसके बाद भी एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिसको लेकर उसने शासन प्रशासन से न्याय के लिए गुहार लगाई है।

ज्ञात हो कि 24 नवंबर 2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी को दिए आवेदन पत्र में छपरा थाना क्षेत्र के ग्राम जूनापानी रैयत निवासी 31 वर्षीय शोभाराम कुमरे ने बताया कि वह छपरा नगर के कुही मोहल्ला स्थित टेलरिंग दुकान में काम करता है जहां पर उसे राहुल डेहरिया नमक व्यक्ति मिला जो की किसी प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था उसने शोभाराम से कहा कि मैं सिवनी स्थित आवास फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में काम करता हूं और लोगों को ऋण दिलाने का काम करता हूं और उस संबंध में अन्य जानकारियां मुझे दिया उक्त जानकारी के पश्चात मुझसे मेरे मकान और जमीन के दस्तावेज की मांग की, आगे शोभाराम द्वारा बताया गया कि लोन फाइनेंस हेतु ऐजेंट ने आधार कार्ड, छपरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के 10 कोरे हस्ताक्षर युक्त चैक एवं जूनापानी रैयत स्थित घर का पट्टा,फोटो, पैन कार्ड इत्यादि कंपनी के एजेंट राहुल डेहरिया द्वारा लिया गया और एजेंट ने बताया कि 3 लाख 50 हजार रुपए फायनेंस

कर देता हूं जिससे तु हारे अधूरे पड़े घर के अन्य कार्य हो जाएंगे इस तरह का आश्वासन एजेंट द्वारा दिया गया, वहीं एजेंट द्वारा बताया गया कि उक्त लोन को जमा करने हेतु 5 हजार 6 सौ रुपए प्रति माह की किस्त आएगी इसके बाद कुछ दिनों बीतने के बाद एजेंट राहुल डेहरिया द्वारा मुझसे फोन पर संपर्क किया गया और कहां की तु हारा लोन फाइनल हो गया है, पैसा तु हारे खाते में जमा हो गया है और तुम स्कीन टच मोबाइल की व्यवस्था करो और तु हारे खाते में पैसा डलवा दूंगा इसके बाद एजेंट द्वारा 1 जुलाई 2022 को सिवनी बुलवाया गया, वहां बुलाकर उसने मेरे मोबाइल में बैलेंस दिखाने के लिए मुझे ले लिया और मेरे मोबाइल में कुछ टाइप करके उसमें खोजने लगा उसने मेरे खाते की राशि अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर ली इसकी मुझे जानकारी नहीं थी योंकि मैं कम पढ़ा लिखा व्यक्ति हूं और मुझे मोबाइल के पूरे फं शन की जानकारी भी नहीं थी जिसका फायदा उठाकर एजेंट द्वारा उसी दिनांक को चेक के माध्यम से1लाख रु और नेट बैंकिंग के माध्यम से 25 - 25 हजार करके दो बार और 50 हजार निकाल लिए इस तरह 2 लाख रुपए एजेंट ने स्वयं अपने खाते में ले लिया और मुझे जानकारी नहीं दिया, वही जब लगभग 15 दिन बीतने के बाद मुझे जानकारी हुई की मेरे बैंक खाता क्रमांक 40574178505 से 2 लाख रुपए निकल चुके हैं तब मैंने फाइनेंस कंपनी के एजेंट राहुल डेहरिया से मिलकर अपने पैसों की जानकारी मांगी तो उसके द्वारा स्वीकार किया गया कि उसे पैसों की जरूरत होने पर उसने बिना बताए रुपए ले लिए थे और वह 15 से 20 दिनों के अंदर वापस कर देगा किंतु निर्धारित समय अवधि में वह वापस नहीं कर पाया और बाद में हीला हवाला करते रहा, साथ ही कुछ दिनों बाद उसका मोबाइल नंबर भी लगना बंद हो गया।

आगे शुभाराम कुमरे ने बताया कि उक्त घटना की जानकारी उसके द्वारा संबंधित आवास फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में भी जा कर दी, एजेंट द्वारा की गई धोखाधड़ी की घटना के विषय में जानकर कंपनी के जि मेदारों ने बताया कि उक्त एजेंट ने कंपनी छोड़ दिया है वही उसको संबंधित एजेंट का आधार कार्ड,पता देकर चलता किया।

शोभाराम कुमरे ने बताया कि एजेंट सिवनी शहर का ही निवासी है इसके बाद भी उसके विरुद्ध एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही आज तक नहीं की गई है पीड़ित शोभाराम के द्वारा धोखाधड़ी किए जाने पर उचित न्याय के लिए शासन प्रशासन से गुहार लगाई गई है।

प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों की बाढ़ आई जिला में

पिछले कुछ वर्षों में प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों की बाढ़ सी आ गई है जिसमें आसन नियम शर्तों एवं घर बैठे लोन लेने के चक्कर में आने से सीधे-साधे लोगों को रूपों की जरूरत के चलते लोन के चंगुल में फस रहे हैं और प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों के लोन चुकाने की जुगत में ऐक लोन जमा करने दूसरे लोन को ले रहे हैं और कर्ज की चूंगल में फस रहे हैं जिसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से उचित पहल किए जाने की अपील आम जनों की ओर से की गई है।

अभूतपूर्व धर्म प्रभावना के साथ 48 दिवसीय भक्तामर पाठ का हुआ समापन

एक कुलवंती नारी अपने व्यसनी पति को भी धर्म के मार्ग पर लाकर संस्कारी बनाने का सामर्थ्य रखती है -मुनि शाश्वत सागर

सिवनी यशो:-48 दिवसीय भक्तामर पाठ का आयोजन विश्व शांति की शुभ भावना से विगत दिवसों में श्री छोटे छिंवर जैन मंदिर में महिला समाज द्वारा उत्साह पूर्वक आयोजित किया गया। इस मांगलिक धर्म अनुष्ठान में 48 दिनों के संकल्प के साथ प्रतिदिन साध्य काल में 48 दीप मालिकाओ को प्रज्वलित कर प्रथम प्रभु भगवान ऋषभ देव की महाआराधना भक्तामर जी का पाठ श्रावक श्राविकाओं के अपार जनसमुदाय के मध्य भक्ति भाव से आयोजित हुआ।

उक्त मांगलिक अनुष्ठान का 48 दिवस का संकल्प पूर्ण होने पर स्थानीय महिला समाज द्वारा प्रात: 7 बजे घट यात्रा का मंगल आयोजन किया गया। पीत केसरी परिधान में सर पर मंगल कलश धारण कर स्थानीय जैन समाज की महिलाओं का वृहत समूह इस घट यात्रा में शामिल हुआ तद उपरांत

नगर में विराजित संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री शाश्वतसागर जी महाराज के परम सानिध्य में श्री छोटे छिंवर जैन मंदिर जी में भगवान आदिनाथ स्वामी का महाभिषेक एवं शांतिधारा के साथ भक्तामर विधान पंडित पूनम जी बारासिवनी के निर्देश में आयोजित किया गया। विधान के पूर्व इंद्र प्रतिष्ठा,मंगल कलश, 48 मंगल दीप,अष्ट मंगल एवं अष्ट प्रातिहार्य अनाज एवं दलहन से बने सुंदर श्री मंडल में पूर्ण विधि विधान से स्थापना की गई। जहां श्रद्धालुओं ने श्रीफल एवं अष्ट द्रव्यों के अर्घावतरण से श्री जी की महापूजन की।

उक्त आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित पूज्य मुनि श्री शाश्वतसागर जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे मांगलिक आयोजन धर्म वृद्धि एवं भावो की विशुद्धि में परम कारक है।इस मांगलिक धर्म आयोजन में समाज की आदर्श रूप नारी शक्ति अग्रणीय रही ।जबकिआज के प्रतिकूल दौर में जहां वर्तमान पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंग कर धर्म और अपनी मूल संस्कृति से विमुख होते जा रही है और इस अंधानुकरण में समाज का नारी वर्ग भी अछूता नही रह गया।तब ऐसे दौर मे भी सिवनी जैन समाज की नारियों का धर्म पुरुषार्थ बड़े ही गर्व की बात है। शायद नारी शक्ति की इसी धर्म परायणता एवं कर्तव्य निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए पूज्य आचार्य श्री ने नारी को मंगल निरूपित करते हुए एक सासर्भित बात कही जो आज के संदर्भ में प्रासंगिक हो रही है उन्होंने कहा कि महिला महोत्सव लाती है वह सर्वोत्तम मंगल है। जबकि पुरुष प्रधानता होने के बाद भी पुरुष को कही भी मंगल नही कहा गया। धर्म कार्यो मे सदा से ही पुरुषों की अपेक्षा नारी वर्ग हीअग्रणीय रहा है। एक धर्मनिष्ठ सुसंस्कारी कुलवंती नारी

अपने सस व्यसनी पति को भी उसकी कुसंगत एवं व्यसन आदि से मुक्त कर धर्म मार्ग पर ले आती है। धर्म ग्रंथो एवं इतिहास के पन्नों में ऐसे अनेक उदहारण पढ़ने को मिल जाते है। ऐसी ही आदर्शवान सिवनी महिला समाज को ऐसे वृहत धर्म मांगलिक आयोजन हेतु मंगल आशीर्वाद। विधान का समापन हवन की क्रिया से हुआ।

उक्त मांगलिक अवसर पर श्री जय कुमार एडवोकेट, संजय जैन आँटो पार्ट्स, ज्ञशि जैन,प्रफुल्ल गोयल,प्रकाश जैन पान वाले, नीरज जैन,राहुल चौधरी,मिलन बाझल, संजय नायक ,विपणोश जैन,पारस जैन,एवं महिला समाज से श्रीमती सुशीला बागड,सुनीता जैन,आशा जैन,विद्या जैन,शोभा बागड़,अंजली जैन,रश्मि चौधरी,मीना चौधरी,किरण दिवाकर,सीमा जैन छपारा,निशा जैन,ममता जैन, सुमन जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

मु यमंत्री ने सपत्निक भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ श्रावण माह के अन्तिम सोमवार 28 अगस्त को उज्जैन पहुँचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। पं. प्रदीप गुरू ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई।

मु यमंत्री ने सोमवार को श्री महाकाल लोक में ई-रि ज्ञा से भ्रमण किया। उन्होंने श्री महाकाल लोक के दर्शन के लिये आये श्रद्धालुओं का अभिवादन किया तथा कहा कि भगवान महाकालेश्वर सभी का कल्याण करें, सबका मंगल हो।

रक्षा-बंधन पर वितरित किये जाने वाले लड्डुओं के निर्माण का अवलोकन किया

मु यमंत्री चौहान ने सोमवार को भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के बाद रक्षा-बंधन पर्व पर वितरित किये जाने वाले लड्डुओं के निर्माण का अवलोकन किया। सवा लाख लड्डुओं का निर्माण किया जा रहा है। भगवान महाकाल के दर्शन के पूर्व उज्जैन पहुँचने पर हेलीपेड पर मु यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। विधायक बहादुर सिंह चौहान, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, पूर्व सांसद चिन्तामणि मालवीय, पूर्व विधायक सतीश मालवीय, रोड़मल राठौर, राजेन्द्र भारती, मुकेश पण्ड्या, अनिल जैन कालूहेड़ा, प्रकाश प्रजापत, वीरेंद्र कावड़िया, ओम जैन, जगदीश अग्रवाल, मुकेश यादव, पूर्व नगर निगम सभापति श्री सोनू गेहलोत और श्री राजपाल सिंह सिसौदिया आदि ने आत्मीय स्वागत किया।

कले टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक संपन्न

सिवनी यशो:- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 28 अगस्त को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पंवान नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सीएल चनप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विक सखण्ड डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए जिलेवार रैंकिंग तथा 50 दिवस की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल

ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों तथा जन सुनवाई के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। इसी तरह उन्होंने सीएम मॉनिट, माननीय सांसद एवं विधायकगणों सहित विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान मु य नगरपालिका अधिकारी सिवनी द्वारा चिकित्सालयों में फायर से टी व्यवस्थाओं पर कार्यवाही न करने को लेकर कले टर क्षितिज सिंघल द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

कले टर श्री सिंघल ने त्यौहारों के समय बस किराया वृध्दि किए जाने शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए गए। इसी तरह गलत आधार एवं समग्र मैपिंग की शिकायतों पर संबंधितों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरे वृक्षों को काटते दो आरोपित गिर तार, पहुंचे जेल

सिवनी यशो:- जिले के दक्षिण सामान्य वनमंडल के रुखड सामान्य परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले बादलपार सर्किल के कक्ष क्रमांक पी 43 बीट सिल्हौर में शुक्रवार की देर रात्रि वन अमले ने सागौन के हरे वृक्षों को काटते हुए दो लोगों को पकड़ा है। जिन्हें शनिवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय के आदेश उपरांत उन्हें जेल भेज दिया गया है।

दक्षिण सामान्य वनमंडल के उपवनमंडलाधिकारी सिवनी योगेश कुमार पटेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रुखड सामान्य परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बादलपार सर्किल के कक्ष क्रमांक पी 43 बीट सिल्हौर में दर्शित दी गई जहां पर सागौन के हरे वृक्षों को काट रहे फैज उर्फ भुरू पुत्र आबिद खान निवासी गोपालगंज एवं मानसिंह पुत्र तेजलाल मर्सकोले निवासी चिखली को वन अमले ने पकड़ा है।

आगे बताया गया कि आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वह बीते दिन से वह सागौन के हरे वृक्षों को काट रहे थे जिनके पास से 3.182 घनमीटर (कुल 26 नग) वनोपज कीमती 197683 रूपये जब्त किया जाकर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1), वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(15), 9 जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 2(ख), 2(ग), 24(2), 35(2) के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है।

बताया कि शनिवार को आरोपितों को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनो आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

इस कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी रुखड सामान्य दानसी उइके , परिक्षेत्र सहायक बादलपार बालेश्वर सिंह, परिक्षेत्र सहायक गोपालगंज हरवेन्द्र बघेल, परिक्षेत्र सहायक मोहगांव लि खेरिाम सनोडिया, वनरक्षक सिल्हौर श्याम मेडे, वनरक्षक सारसडेल रोहित शु ला , एवं वनरक्षक बादलपार दिलीप मृगरी की सराहनीय भूमिका रही है।

लखनादौन से नरसिंगपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में हुए गड्ढे, बड़ रही दुर्घनाओं की संभावना

ग्रामीणों की मदद से पुलिस कर रही दुरुस्तीकरण काम

सिवनी यशो:- राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में लखनादौन से नरसिंहपुर मार्ग पर बड़े व गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे ना सिर्फ वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि हादसे की संभावना भी बढ़ गई है। इन गड्ढों को भरवाने का काम एनएचएआई का है। लेकिन यह पुलिस विभाग को करना पड रहा है। ताकि मार्ग पर बने गड्ढों की वजह से कोई दुर्घटना न हो। पुलिसकर्मी गांव के लोगों की मदद से सड़क पर हुए गड्ढों को भरने का काम कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदेगांव थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग 44 लखनादौन नरसिंगपुर मार्ग पर कुरमुंडो से जोबा के बीच सड़क पर हुए बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। वहीं थाना आदेगांव के नगर निरीक्षक अनिल पटेल सहित पुलिस स्टाफ ने कुछ ग्रामीणों की मदद से इन गड्ढों में पत्थर, गिट्टी, मुरम आदि भरवाने का प्रयास किया गया। इस फोरलेन पर हुए बड़े गड्ढों में ट्रकों या अन्य छोटे बडे वाहनों के फंसने या पलटने की घटनाएं बढ़ गई है। और हादसों के कारण घंटो तक कुरमुंडो पुल के इस एकांगी मार्ग में जाम भी लग जाता है। इससे वाहन चालकों व नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं स्थानीय लोगो का कहना है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जोबा व लखनादौन के करीब पड़ने वाले कुरमुंडा नाले पर बने ओवर ब्रिज का एक भाग क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण वहीं लगभग पांच वर्षों से बंद पडा हुआ है। यह वनवे मार्ग एनएचएआई द्वारा बंद तो करवा दिया गया लेकिन इसमें अब तक कोई सुधार कार्य नही करवाया गया है। ब्रिज पर बनवे लाइन चलने व वाहनों के अत्याधिक दबाव की वजह से इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े- बड़े गड्ढे हो चुके है।इसमे वर्षा के दिनों मे वाहन फंस जाते है।फिर भी एनएचएआई इन गड्ढों के दुरुस्तीकरण तक का कार्य भी नही करवा पा रही है। लोगो की सुविधा के लिए पुलिस लोगो की मदद से गड्ढों को भरकर सड़क को करने का प्रयास कर रही है।

मवेशियों से भरे वाहन को छोड़कर भागे मवेशी तस्कर, पुलिस ने जप्त किया 11 मवेशी

छिंदवाड़ा रोड ब्रिज के पास की घटना,

सिवनी यशो:- सिवनी मु यालय के छिंदवाड़ा चौक ब्रिज के नीचे एक पिकअप वाहन को पुलिस ने जप्त किया है। जिस पर 11 मवेशी भरे हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पिकअप वाहन में देर रात्रि मवेशियों का अवैध परिवहन कुछ लोगो के द्वारा किया जा रहा था। जहां सिवनी से छिंदवाड़ा रोड़ के पास, ब्रिज के नीचे वाहन पंचर हो गया। जिसके कारण मवेशी तस्करों ने वाहन को ब्रिज के नीचे खड़ा कर भाग गए। सुबह जब मॉर्निंग वॉक करने जाने वालों ने देखा कि एक वाहन खड़ा है जिसमे कुछ

कोतवाली पुलिस और डायल 100 मौके पर पहुँची। जहाँ वाहन को अपने कब्जे पर लिया। और वाहन की तलाशी ली गई। जिसमें 11 नग मवेशी पाए गए। जिनमे 1 गाय की मौत हो गई। वहीं अन्य मवेशियों को गौशाला पहुंचाया गया है। और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। तथा यह पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि ये गाये कहां से भरकर लाई जा रही थी। और कहां ले जाई जा रही थी। वहीं स्थानीय लोगो से पुलिस पूछताछ कर रही है।

मतदाता सूची में 31 अगस्त तक जुड़वाये जा सकेंगे नाम

सिवनी यशो:- जिले में 02 अगस्त 23 से प्रारंभ हुये मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित कराने तथा पूर्व से दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन कराने के लिये 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत दो अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है । आम नागरिक या मतदाता अपने मतदान केंद्र पर प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर सकेंगे तथा मतदान केंद्र पर ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने या नाम में संशोधन के लिये फार्म-6, फार्म-7 या फार्म-8 में दावा-आपत्ति दे सकेंगे । इसके साथ ही ऐसे युवा जो 1 अे टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने फार्म-6 में अग्रिम आवेदन दे सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित कराने तथा संशोधन के 31 अगस्त तक प्राप्त हुये आवेदनों (दावे-आपत्तियों) का निराकरण 22 सितंबर तक किया जायेगा तथा चार अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 31 अगस्त तक प्रत्येक कार्यदिवस पर बीएलओ अपने-अपने मतदान के ंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इसके साथ ही से टर अधिकारियों को उनके क्षेत्र से संबंधित मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन कराने तथा एक घर में छह से अधिक मतदाता होने पर उनका भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये गये हैं।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एसपी ने ली बैठक

.नशीले मादक पदार्थ, अवैध शराब, गांजा पर कार्यवाही कर अंकुश लगाने, लाइसेंसी शस्त्र थाना में जमा कराने, आदतन अपराधियों की गतिविधियो में नजर रख कार्यवाही करने के दिए निर्देश

.पूर्व में चुनाव के दौरान, चुनाव में अशांति एवं विघ्न पैदा करने वाले बदमाशों को सूचीबद्ध करने, गुंडा निगरानी बदमाशों के नियमित चेकिंग करने,
गिर तारी एवं स्थायी वारंटो की तामिल में सुधार लाने के दिए निर्देश
.क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों में विशेष निगाह रखनेए, क्षेत्र के सूचना तंत्र को मजबूत करने दिए गए निर्देश

मंडला यशो:- आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारीए थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक पुलिस कन्ट्रोल रूम के सभाकक्ष में ली। बैठक में लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों में वृद्धि लानेए अवैध शराब के धंधे में लिप्त लोगों पर निगाह रख कार्यवाही करने इसी प्रकार नशीले मादक पदार्थ बेचने वालो पर कार्यवाही करनेए शस्त्र लायसेंसी दारानों के शस्त्रों को थानों में जमा कराने की समीक्षाए गुण्डा बदमाशों की सूची व थानों के रिकार्ड अपडेट कर आदतन अपराधियों की गतिविधियों में नजर रख कार्यवाही करनेए पूर्व में चुनाव के दौरान अशांति एवं विघ्न पैदा करने वाले बदमाशों को सूचीबद्ध करनेए गुंडा निगरानी बदमाशों के नियमित चेकिंग करनेए गुंडे एवं

बदमाशों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही करनेए गिर तारी एवं बे यादि वारंटो की तामिल में सुधार लानेए जिले की सामान्य सुरक्षा योजना ;आपात योजनाद्ध तैयार करनेए चेक पोस्ट की सुरक्षा एवं पेट्रोलिंग कराने की जानकारी लेते हुये वाहन चेकिंग करने विशेषकर जिले के अंदर प्रवेश करने वाले वाहनों की सूक्ष्मता से चेकिंग करनेए क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों में विशेष निगाह रखनेए क्षेत्र के सूचना तंत्र को मजबूत करने के कड़े निर्देश दिए गए।

एसपी ने विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न स पन्न कराने हेतु बल की आवश्यकता के बारे में चर्चा कर जानकारी ली। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को चुनाव से संबंधित जानकारी संधारित करने एवं त्वरित भेजनेए प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम की कार्यवाही में बढ़ोत्तरी करने एवं विशेष अभियान चलाकर लंबित अपराधों का निकाल करने के निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि जनता से बेहतर तालमेल स्थापित करेए उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण करनेए थाना चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के प्रत्येक पोलिंग बुथ की जानकारी एवं लोकेशन होनी चाहिए एवं पोलिंग बूथ या गावों के भ्रमण के दौरान आमजन से वार्तालाप कर मतदान के महत्व के बारे में बतानेए थाना क्षेत्र में आने वाले गांवों की जनसं या की जानकारी रखनेए निगरानी एवं माफी बदमाशों पर विशेष निगाह रखनेए थाना चौकी के बीट के अधिकारी कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी रखने व प्रभारी अधिकारी को उससे अवगत कराने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्वाचन आयोग एवं पुलिस मु यालय के मु यालय के निर्देशों के अनुरूप जिले में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 ड्यूटी हेतु जिला मु यालयध्अनुभागध्थानाध्चौकी स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन करने एवं जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीए विशेष पुलिस अधीकारियों को चुनाव आचार संहिताए चुनाव के संबंधमें विशेष क नूनी प्रावधानोंए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदानकेंद्रोंए अंतर्राज्यीय चेकिंग नाकाए तथा एफएसटीए एसएसटी ए से टर पुलिस मोबाइल और मतदान केंद्रों पर की जानी वाली कार्य एवं दायित्व के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण संबंधी वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला श्री अमित वर्माए समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारीए चुनाव सेल प्रभारीए रक्षित निरीक्षकए समस्त थानों के थाना प्रभारीए चौकी प्रभारी एवं रीडर उप निरीक्षक बाल्मीक चौबे उपस्थित रहें।

कांग्रेस कार्यकर्ता स मेलन एवम बूथ अध्यक्ष व बीएलए प्रशिक्षण आयोजित किया गया

छपारा यशो:- मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मु यमंत्री मान्नीय कमलनाथ जी के निर्देश पर जिला ब्लाक मंडलम से टर बूथ कांग्रेस कमेटी बी एल ए का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार 28अगस्त को सिवनी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चमरी ब्लॉक के खटकर सागर में मण्डलम बीएलए प्रशिक्षण एवँ कार्यकर्ता स मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित बीएलए, बूथ अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा प्रदेश अध्यक्ष

कमलनाथ के दिशा निर्देश द्वारा बताया कि बूथ स्तर पर हर कार्यकर्ता को आगामी विधान सभा चुनाव के लिए कमर कस के तैयार रहे वही प्रदेश में सत्ता रूढ़ दल भाजपा की कारगुजारियो से त्रस्त होकर आम जनता का मन सत्ता परिवर्तन के लिय बन गया है अतः सभी कार्यकर्तृत्व अब जमकर मेहनत कर ले तो कमलनाथ के मार्गदर्शन में सरकार बनाना ही है।

इस कार्यक्रम में कार्य.अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी,वरिष्ठ नेता बाबू पटेल लुड़गी, सक्साम दादा,जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बजेश सिंह लड्डू बघेल,कृषि एवँ कृषक प्रकोष्ठ के जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया,मोहन सिंह चन्देल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा के अध्यक्ष जयकेश सिंह पटेल,जनपद पंचायत छपारा के उपाध्यक्ष प्रभात ठाकुर ,जिला उपाध्यक्ष रंगलाल धुर्वे,जिला महामंत्री राशिद खान छोटू पटेल,आरिफ खान, गुलाब साहू, रमेश सिंह चौहान,कार्य.ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक बखारी सुनील दीनू उइके ,से टर अध्यक्ष अनीस खान,रामप्रसाद भारती, संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह, अमजद खान ,बखारी ब्लॉक के अध्यक्ष विपत लाल, भूरा काका,मड़वा मण्डलम के अध्यक्ष प्रेम भलावी,अशोक ठाकुर,अंसार भाई बड़ापानी,आशीष जैन,बी एल ए, बूथ अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

ज़िला स्तरीय शालेय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन ए ज्ञानदीप ने जीता मैच

मंडला यशो:- ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल मे ज़िला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमे ब्राइन चाइल्ड ए बेल वेदर और भारत ज्योति के बच्चो ने भाग लिया । प्रतियोगिता का पहला मैच बेल वेदर और ज्ञानदीप के मध्य खेला गया जो की 14 वर्ष की आयु वर्ग के लोगो के बीच था । जिसमे ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल 2.1 से विजयी हुआ । दूसरा मैच 17 वर्ष के खिलाडीयो के बीच हुआ जिसमे ज्ञानदीप पे 5.1 से विजय प्राप्त की । इस आयोजन मे मु य सचिव डॉ संजय तिवारी रहे और विजयी खिलाड़ियो को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए ।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला यशो:-प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बलिराम ग्राम चिरईडोंगरी निवासी की सर्पदंश से मृत्यु होने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान को कुल 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मृतक के निकटतम वारसान आवेदिका बतिया बाई को कुल 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि संबंधित के बैंक खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

त बांकू नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत सार्वजनिक स्थभल पर की गई कार्यवाही

सिवनी यशो:- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशन में सिगरेट और अन्य त बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 का उल्लं घन करने पर 31 लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाकर 2050/- रूपए जुर्मांना वसूला गया तथा त बांकू उत्पादो का सेवन न करने एवं त बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में समझाईश दी गई।

जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल में त बाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल, एएनएम कुसुम चंद्रवंशी, आरक्षक 311 विशाल भांगरे, 729 अजय धुर्वे, सि योरिटी गार्ड रविन्द्र डहेरिया एवं बिजेन्द्र कुमरे के सहयोग से कार्यवाही की गई।

(कोटपा) अंतर्गत 28 अगस्त को जिला स्तर पर गठित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा सार्वजनिक स्थल जिला चिकित्सालय परिसर में त बाकू

रेल्वे बोर्ड और ज़िले के जनप्रतिनिधियों द्वारा सालों से यों किया जा रहा मंडला फ़ोर्ट को अनदेखा ?

पिछले 2 सालों मे मंडला फ़ोर्ट को नहीं मिली कोई अन्तरराज्यीय ए सप्रेस ट्रेन
ल बे समय से उठ रही है मंडला फोर्ट से भोपाल और नागपुर के लिये ए सप्रेस ट्रेन की मांग

मंडला यशो:- वर्तमान समय मे रेल परिवहन का सबसे सरल और सुगम साधन है और यह मंडला ज़िले जैसे पिछड़े आदिवसी क्षेत्र के विकास के लिये भी सबसे ज्यादा ज़रूरी है । एक ओर प्रदेश की राजधानी से जहाँ बंदे भारत ऐ सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रनों की शुरुआत की जा रही है वही दूसरी ओर प्रदेश मे एक स्टेशन ऐसा भी है जहाँ सिर्फ 2 पैसेंजर ट्रेन ही वर्तमान समय तक संचालित हो पायी है और किसी भी तरह की ऐ सप्रेस ट्रनों के संचालन को लेकर रेल्वे बोर्ड द्वारा इस स्टेशन को अनदेखा किया जा रहा है वह स्टेशन है ‘मंडला फोर्ट’ । यह अलग बात है की मंडला और आस-पास के उमरगर एवं तहसील जैसे की बिछिया, घुघरी, मोहगाव और मन्डई के नागरिकों द्वारा मंडला फोर्ट से मु यतः भोपाल और नागपुर जैसे नगरो के लिये ऐ सप्रेस ट्रेन शुरू करने की माँग ल बे समय से की जा रही है पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा इन मांगो को यो दरकिनार किया जा रहा है यह समझ से परे है ।

मंडला ज़िला राजनैतिक दृस्टि से प्रदेश और देश मे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है पर इतना राजनैतिक रूप से महत्वपूर्ण होने के बाद भी वर्तमान समय तक भी यहाँ रेल्वे जैसे परिवहन के जरूरी माध्यम का न होना यहाँ के राजनेताओ की मंशा पर बहुत बड़ा सवाल है ।वर्तमान समय मे मंडला ज़िले की बिगड़ी स्वास्थय व्यवस्था और डॉ टरो के अभाव के कारण यहाँ के रहवासियो को समय ड्डसमय पर नागपुर, जबलपुर और भोपाल इलाज करने के लिये जाना पड़ता है और रेल मार्ग सुगम न होने के कारण सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ता है और ऐसे मे मजबूरी मे यहाँ की जनता को बस और प्राइवेट गाड़ी संचालकों को मनमाना किराया देना पड़ता है जिससे पहले से ही बीमारी और महंगाई की मार झेल रहे आम नागरिकों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है । अगर आकड़ों के अनुसार देखा जाय तो जहाँ रेल सुविधा बहाल होने पर मंडला से नागपुर तक की समान्य टिकिट लगभग 170 से 190 तक ही होगी वही वर्तमान मे सड़क परिवहन मे 300 से 400 रुपए तक लगते है और ऐसा ही भोपाल का भी है कहने का तात्पर्य यह है की वर्तमान समय मे जनता लगभग रेल्वे सुविधा के सुगम संचलन के अभाव मे लगभग दुगने दमों मे यात्रा करने को मजबूर है ।

रपटाघाट में स्वीप गतिविधि अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान

मंडला यशो:- जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में स्थानीय रपटाघाट में रविवार को हस्ताक्षरपट्टिका में हस्ताक्षर का वृहद अभियान चलाया गया। साथ ही नव मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सेल्फी प्वाईंट भी रखा गया। इस दौरान नर्मदापूजन के लिए आए श्रद्धालुओं द्वारा अपने हस्ताक्षर कर निर्वाचन 2023 में नैतिक मतदान

करने का संकल्प लिया। उपस्थित युवा मतदाताओं ने सेल्फी प्वाईंट पहुंचकर अपनी फोटो खिचवाई तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, ईईपीआईयू जीपी पटले, उपसंचालक कृषि मधुअली, प्राचार्य कन्या हाईस्कूल बिछिया मुकेश पांडे, मीडियाकर्मी सहित अन्य समाजसेवियों ने रपटाघाट पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाया।

रेत के ओवरलोड वाहन जब्त

मंडला यशो:- खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरूद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में डिण्डौरी रोड के ग्राम पौड़ी में एक वाहन ट्रक क्रमांक एमपी 28 एच 2013 को खनिज रेत उल्लेखित मात्रा से अधिक मात्रा में परिवहन किये जाने के दौरान जब्त किया गया। इसी प्रकार जबलपुर रोड में ग्राम तिंदनी में वाहन ड फर क्रमांक एमपी 20 एचबी 3967, तथा एमपी 20 एचबी 7838 द्वारा खनिज रेत के परिवहन के दौरान नियमानुसार अभिवहन पारपत्र में अंकित मात्रा से अधिक (ओवर लोड) के अवैध परिवहन की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा थाना कोतवाली मण्डला की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहनों के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

चन्द्रेश खरे जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षक नियुक्त

मंडला यशो:- प्रधान मु य वन संरक्षक वन्यप्राणी मध्यप्रदेश द्वारा चन्द्रेश खरे को मण्डला एवं कान्हा टाइगर रिजर्व हेतु जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन के अपर पधान मु य वन संरक्षक वन्यप्राणी ने बताया कि श्री खरे की इस नियुक्ति की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित की गई है।

अंजनिया ईकाई के कार्यकारिणी पेंशनर्स का शपथ ग्रहण व स मान समारोह स पन्न

मंडला यशो:- जिला शाखा मण्डला की अंजनिया इकाई के अध्यक्ष बी.आर. यादव व सचिव कैलाश चन्द्र पटेल से प्राप्त जानकारी अनुसार ई. ग्राम पंचायत भवन में नवनिर्मित कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण व नवागत 11 पेंशनरों का स मान समारोह जिला अध्यक्ष व उपप्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी - कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गोपाल कछवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एस.एन.अली. उपाध्यक्ष भागवत झारिया, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप झारिया तथा तहसील मण्डला अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया, उपाध्यक्ष कमल सिंह, भुआ-बिछिया अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद जंघेला,

कार्यकारी अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी, पदमी अध्यक्ष भगवानदास ठाकुर व टिकरवारा अध्यक्ष सुभाष पटेल की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया।

भागवत झारिया व रोहणी प्रसाद शु ला के दिशा निर्देशन में सरस्वती पूजन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सुरेश्वर के द्वारा किया गया। उद्बोधन अंतर्गत भागवत प्रसाद झारिया उपाध्यक्ष, वयोवृद्ध पेंशनर्स गया प्रसाद रजक, सचिव कैलाशचन्द्र पटेल व रोहणी प्रसाद शु ला ने अपने सारगर्भित विचारों के माध्यम से पेंशनर्स की एकता, संघर्ष हेतु हर क्षण तैयार रहने की प्रवृत्ति व निजी हितों के स्थान पर सामूहिकता का परिचय देना हमारा उद्देश्य होना चाहिए से अवगत कराया।

जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने पेंशनरों का आह्वान करते हुये कहा कि वे हर क्षण संगठन के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करें तथा समर्थवान पेंशनर्स कुछ समय उन पेंशनरों के लिए अवश्य निकालें जो स्वास्थ्य व अन्य कारणों से अपनी समस्या का निदान स्वयं कर पाने में समर्थ नहीं हैं, उन्होंने बताया कि नीलम पार्क भोपाल में पेंशनरों के द्वारा किये गये ऐतिहासिक धरना कार्यक्रम व ल बे संघर्ष के परिणाम स्वरूप शासन ने जुलाई से 5 प्रतिशत महगाई राहत स्वीकृत करने व 4 प्रतिशत महगाई राहत का अनुमोदन कैबिनेट द्वारा किया गया है। भविष्य में हमें अपनी अन्य मांगो की पूर्ति हेतु संघर्ष के लिए तैयार रहना है।

जिला अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम अतिवरिष्ठ पेंशनर यशो प्रसाद रजक को साल भेंट कर स मानित किया गया, तदुपरांत नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्य बी.आर. यादव, एस.एस. परमानिक, आर.पी. हल्दकार, कैलाशचन्द्र पटेल, मदन कुमार दुबे, ए.एस. कुरैशी, लोचन प्रसाद पटेल, लखन लाल पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमति वर्षा जायसवाल को शपथ दिलाई गई। साथ ही नवागत 11 पेंशनरों - आर.पी. हल्दकार, हरी प्रसाद चौरसिया, के.सी. पटेल, सुलेमान खान, जे.आर. रजक आदि को साल भेंटकर स मानित किया गया। अंजनिया इकाई के द्वारा भी समस्त जिला पदाधिकारियों को साल भेंटकर स मानित किया गया। आभार प्रदर्शन भागवत झारिया के द्वारा किया गया।

रपटाघाट में आयोजित हुआ स्नेह यात्रा का समापन कार्यक्रम

मंडला यशो:- जिले की स्नेह यात्रा 94 गावों से होते हुए रपटाघाट पहुंचकर संपन्न हुई। इस यात्रा के दौरान 79 स्थानों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्नेह का संदेश दिया गया। यात्रा के दौरान 20 स्थानों पर सामाजिक सहभोज आयोजित किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला जिले की स्नेह यात्रा बाबा देवरी, कू हा, लालीपुर, भावल, चिरईडोंगरी, मंगलगंज, बबैहा, ग्वारी, फूलसागर, तिंदनी, गाजीपुर, कटरा, बिझिया होते हुए रपटाघाट-मंडला में पहुंची जहां पर स्वामी ऐश्वर्यानंद, पतंजलि परिवार से राजेन्द्र ठाकुर, गायत्री परिवार से हरिकृष्ण दुबे आदि की उपस्थिति में समापन किया गया।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297